फलोदी हादसे के बाद प्रशासन हरकत में आया, हाइवे किनारे से ढाबों को हटाया

भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में हुई 15 मौतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की

जोधपुर, (कासं)। फलोदी में भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में एक साथ हुई 15 मौतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को हाईवे किनारे से अवैध ढाबों को हटाया गया। फलोदी हादसे के बाद प्रशासन हरकत में आया। भारतमाला एक्सप्रेस वे के किनारे से अवैध ढाबों को हटाने का विशेष अभियान सोमवार को चलाया गया। बताया गया है कि हाइवे किनारे अवैध ढाबे खोले गए हैं। इन ढाबों पर खाना खाने के लिए ट्रक, ट्रेलर वाले रुकते हैं। हाइवे किनारे अपने भारी वाहनों को पार्क कर देते हैं, जिसकी वजह से हादसे होते रहते हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार को भी ढाबे के सामने खड़े ट्रेलर से टेम्पो ट्रेवलर टकराया था। स्थानीय लोगों के अनुसार इन ढाबों पर शराब, डोडा और

■ **इन ढाबों पर खाना खाने के लिए ट्रक, ट्रेलर वाले रुकते हैं, हाइवे किनारे अपने भारी वाहनों को पार्क कर देते हैं, जिसकी वजह से हादसे होते रहते हैं**

अफीम जैसी नशीली वस्तुएं भी आसानी से उपलब्ध हो जाती है। हादसे के बाद सोमवार सुबह से ही प्रशासन द्वारा इन सभी अवैध ढाबों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। जनता ने मांग की है कि प्रशासन इन ढाबों के संचालकों पर सख्त कार्रवाई करे और भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नियमित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

परिवार में तीन मौत पर मिलेंगे 25-25 लाख, अन्य को दस-दस लाख की आर्थिक सहायता

जोधपुर, (कासं)। फलोदी-मतोड़ा मार्ग पर रविवार की देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में जोधपुर के सूरसागर स्थित नैनची बाग के रहने वाले 15 लोगों की दर्दनाक मौत के बाद सोमवार को शहर के एम्स और महात्मा गांधी चिकित्सालय की मोर्चरी में शवों को कार्रवाई के बाद परिजन को सुपुर्दगी का सिलसिला दोपहर में हुआ। इधर राज्य सरकार ने परिवार में तीन मौतों पर 25-25 लाख और एक सदस्य वाले परिवार को दस-दस लाख की आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

राजस्थान सरकार के शिक्षा

■ **रात में मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे रिश्तेदार और परिजन**

(विद्यालयी/संस्कृत) एवं पंचायती राज मंत्री तथा जोधपुर-फलोदी प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने फलोदी-मातोड़ा मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिवार एवं घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की। प्रभारी मंत्री दिलावर ने कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा घायलों को 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

रविवार की रात में शवों को जोधपुर के एम्स और एमजीएच लाए जाने के बाद मृतकों के परिजन, रिश्तेदार और माली समाज के लोग अस्पतालों में मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। वे राज्य सरकार से उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे। सुबह भी लोग धरने पर बैठे रहे। बाद में सहायता राशि की घोषणा उपरांत परिजन शांत हुए और धरना हटा दिया गया।

नवजात शिशु का शव पानी में तैरता हुआ मिला

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के सालरिया गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक नवजात शिशु का शव पानी में तैरता हुआ पाया गया। यह बच्चा जन्म के बाद ही गोबर के

■ **यह बच्चा जन्म के बाद ही गोबर के साथ पानी में फेंका गया था**

साथ पानी में फेंका गया था। ग्रामीणों ने शव की सूचना तुरंत कोटड़ी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर कोटड़ी चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

एएसआई कैलाश चंद्र प्रजापत ने बताया कि मृतक बच्चा पांच से सात दिन पुराना हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे को जन्म के बाद मां ने उसे अपनी आंचल में भी नहीं रखा और सर्द मौसम में छोड़ दिया। कुछ

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

ग्रामीणों ने यह भी अनुमान लगाया कि बच्चे को गोबर की रोड़ी के अंदर फेंका गया होगा। पुलिस ने अज्ञात माता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना मां की ममता पर गहरा सवाल उठाती है, जहां इतनी कोशिशों और मन्नतों के बाद भी एक नन्हा जीवन छीन लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह चंबल परियोजना की टंकी से पानी की सप्लाई चालू करने गए व्यक्ति ने पानी में शव तैरता देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच कर रही है कि यह नवजात किसने और क्यों छोड़ा। गांव में बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए हैं और इस घटना ने समाज को झकझोर कर रख दिया है।

फलोदी हादसे के 12 मृतकों की एक साथ निकली अंतिम यात्रा

जोधपुर, (कासं)। फलोदी में रविवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की मोक्ष धाम में जब एक साथ 12 चिता जली तो चीख-पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग मृतकों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी मोक्षधाम पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी। इससे पहले नैणची बाग के खटुकड़ी का बास में एक घर में छह शव पहुंचे तो परिवार वाले चीखने लगे। खुश सांखला, उसकी मां मधु सांखला, गीता, सानिया, दिशा और रामेश्वरी की अर्थियां एक साथ उठीं। पूरे मोहल्ले और आसपास के इलाकों के लोग पहुंचे थे। सबकी आंखें नम थी।

दर्दनाक हादसे के बाद सोमवार को जब जोधपुर के नैणची बाग (सूरसागर) के खटुकड़ी का बास में एक साथ छह शव पहुंचे तो चीख-पुकार मच गई। यहां पूरे मोहल्ले और आसपास के इलाकों के लोग पहुंचे थे। सबकी आंखें नम थीं। इसके बाद जब एक साथ छह अर्थियां मोहल्ले से निकली तो परिजनों की चीत्कार सुनकर सभी का कलेजा फट गया। अंतिम यात्रा में सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी, संभागीय आयुक्त डॉ.

■ **शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मोक्षधाम पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की**

प्रतिभा सिंह, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं लोग उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार रविवार को फलोदी में हुए सड़क हादसे में 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इसमें से 14 श्रद्धालु नैणची बाग के रहने वाले थे। सोमवार सुबह ग्रीन कॉरिडोर बनाकर सभी शवों को घरों तक पहुंचाया गया। जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी से जब एक साथ कई एंबुलेंस निकली तो लोगों की आंखें नम हो गई। सूरसागर के नैनची बाग में रात से ही सन्नाटा और मातम पसरा रहा। इस भीषण हादसे में दिशा पत्नी उम्मेद, सजन कंवर पत्नी ओमप्रकाश, लता पत्नी छंवरलाल, टीना पत्नी विनोद, उर्मिला पत्नी रामसिंह, मीना पत्नी दीनदयाल, दिव्या पत्नी कार्तिक, मधु पत्नी रविंद्र, प्रणव पुत्र जितेंद्र, गाड़ी का चालक पाल बालाजी अमरावती नगर निवासी फतेहपुरी पुत्र दौलतपुरी, रूद्राक्ष पुत्र राजेंद्र सांखला, सानिया पत्नी दिलीप, खुश सांखला पुत्र रविंद्र सांखला, रामेश्वरी पत्नी मूलाराम एवं गीता पत्नी गोविंद की मौत हो गई थी। हादसे में घायल तारा पत्नी राजेंद्र, गुंजन उर्फ फूलवंती पत्नी उमेश को घायल हुए थे, जिनका एमडीएम अस्पताल में उपचार चल रहा है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने फलोदी के मतोडा क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। वहीं राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने भी हादसे में सूरसागर के पंद्रह लोगों की दर्दनाक मौत के समाचार पर गहरा दुःख जताया। राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने इस दुर्घटना को हृदय विदारक घटना बताते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को मोक्ष प्रदान करते हुए अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने एवं उनके परिजनों को इस वज्रपात को सहन करने की शक्ति व आत्मबल प्रदान करने की कामना की।

ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, एक जने की मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। रविवार देर शाम शाहपुरा-केकड़ी सड़क मार्ग पर रहड़ में एक ट्रक ने चलती बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर बाइक सवार बन्ना लाल माली की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शाहपुरा चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। सोमवार मृतक बन्ना लाल माली के शव के पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र रैगर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा, एडवोकेट कमलेश मुंडेतिया, धर्मीचंद जाट की मौजूदगी में पीड़ित परिवार को सहयोग व मुआवजा दिलवाने पर सहमति बनी, फिर शव का पोस्टमार्टम का हुआ। इस दौरान थानाधिकारी सुरेश कुमार मय जाब्ता मौजूद रहे। वहीं दो घायल हीरालाल माली व भैरूलाल माली का चिकित्सालय में ईलाज जारी है।

सादुलपुर में भाजपा जिला मंत्री की गाड़ी पर हमला

सादुलपुर, (निसं)। भाजपा जिला मंत्री डॉ. कौशल पूनियां की गाड़ी पर दो अज्ञात आरोपियों द्वारा पत्थर फैंक कर हमला करने का मामला सामने आया है। वहीं घटना के दौरान उनकी गाड़ी के सीसे टूट गये, मगर गनीमत रही की उन्हेंचोटें नहीं आई। जानकारी के अनुसार भाजपा जिला मंत्री डॉ .कौशल पूनियां ने इस संबन्ध में राजगढ़ थाने में रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट में बताया है कि डॉ. कौशल पूनियां (भाजपा जिला मंत्री विधानसभा क्षेत्र सादुलपुर) पुत्र रामप्रताप पूनियां निवासी लुदी झाबर तहसील राजगढ जिला चूरू से खेमाणा रोड जाट भवन के पास शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकला तो दो अनजान लड़कों ने उनकी गाड़ी पर पत्थर से हमला कर आगे का शीशा तोड दिया एवं पार्टी के ध्वज डण्डी को मरोड़ दिया तथा दोनों लडके वहां से भाग गये।

गृह राज्यमंत्री बेढ़म ने स्कूल के बच्चों संग 15 किमी का सफर किया

डीग/भरतपुर, (निसं)। राजनीति की व्यस्त दिनचर्या और प्रोटोकॉल से परे सोमवार को गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का एक अत्यंत सहज, सरल और वात्सल्यपूर्ण रूप देखने को मिला। एक आधिकारिक कार्यक्रम में जा रहे बेढ़म ने जब रास्ते में एक स्कूल बस देखी, तो वे खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और बच्चों से मिलने के लिए सीधे स्कूल बस में जा बैठे। यह अप्रत्याशित क्षण उन स्कूली बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बन गया।

■ **मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मिठाई बांटी, सादगी और वात्सल्य की पेश की एक मिसाल**

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म अपने निर्धारित कार्यक्रम के लिए जा रहे थे। तभी उनकी नजर सड़क से गुजर रही एक स्कूल बस पर पड़ी। बच्चों को देखकर, उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई और बिना किसी औपचारिकता के बस में सवार हो गए। मंत्री को अचानक अपने बीच पाकर बच्चे पहले तो आश्चर्यचकित हुए, लेकिन अगले ही पल बस का माहौल ठहाकों और खुशी से गूंज उठा। बेढ़म बच्चों के बीच एक

गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढ़म ने बच्चों को मिठाई खिलाई।

मंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि एक अभिभावक की तरह बैठे। उन्होंने बच्चों से एक-एक कर उनका नाम पूछा और अपने हाथों से सभी को मिठाई खिलाई। बच्चे भी अपने जवाहर अंकल का यह प्रेम पाकर बेहद खुश नजर आए। बच्चों ने भी उन्हें तुरंत पहचान लिया और जवाहर सिंह बेढ़म कहकर उनका अभिवादन किया। गृह राज्य मंत्री ने करीब 10 से 15 किलोमीटर का सफर बस में ही तय किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं, जिस पर किसी ने आईएएस तो किसी ने सरपंच बनने की इच्छा जताई। बेढ़म ने इस दौरान बच्चों के साथ अपने बचपन के अनुभव भी साझा किए और उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी खिलखिलाते माहौल में जब मंत्री बेढ़म ने बच्चों से पूछा कि आपका फेवरेट नेता कौन है? तो सभी बच्चों ने एक स्वर में निश्छल भाव से जवाब दिया, मोदी सबसे अच्छे नेता हैं। बच्चों का यह मासूम और ईमानदार जवाब सुनकर बेढ़म भी मुस्कुरा उठे।

आर्मी के ट्रक से टकराई कार, एक की मौत

बीकानेर, (निसं)। यहां सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा सुबह करीब आठ बजे बीकानेर-सूरतगढ़ मार्ग पर हुआ, जब स्विफ्ट कार और आर्मी ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में सूरतगढ़ निवासी रवि की मौत हुई, जबकि उसका साथी घायल हुआ है। घायल को पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

प्रारंभिक जांच के अनुसार बीकानेर की ओर से आ रही स्विफ्ट कार ने अचानक नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रहे आर्मी ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के तुरंत बाद थानाधिकारी रवि मीना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। सूचना मिलने पर आरपीवी टीम भी घटनास्थल पर पहुंची।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, हादसे की वजह कार चालक द्वारा अचानक वाहन मोड़ना बताई जा रही है।

265 बदमाश गिरफ्तार

शराब से भरी कार जब्त, एक गिरफ्तार : उदयपुर के खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब से भरी कार को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। खेरवाड़ा थानाधिकारी दलपतसिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित दल ने नाकाबंदी के दौरान कार को रोक तलाशी ली तो उसमें 35 कार्टन शराब के मिले। पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर कार मय शराब जब्त कर चालक जसवंतसिंह पुत्र प्रतापसिंह को गिरफ्तार किया। बरामद शराब की बाजार किमत चार लाख रूपये बताई जाती है।

उदयपुर, (निसं)। शहर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर आपराधिक प्रवृत्ति के दो सौ पैसठ बदमाशों को गिरफ्तार किया। 390 से अधिक पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की 92 टीम ने जिले में 645 से अधिक स्थानों पर दबिश देकर 265 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनमें स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, लूट, हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट व सामान्य प्ररकण सहित अन्य जघन्य अपराधों में वांछित 77 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

मोबाइल टावरों से मशीनें चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। हमीरवास थाना पुलिस ने मोबाइल टावरों से लाखों रुपये की महंगी मशीनें चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई एयरटेल कंपनी की मशीन बरामद की है। थानाधिकारी जय कुमार भादू ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर है तथा अनेक शहरों में मोबाइल टावरों से मशीन चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपी सचिन पुत्र ईश्वर सिंह व अमरजीत स्वामी को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायधीश ने दोनों आरोपियो को जेल भेजने के आदेश दिए हैं।

थानाधिकारी जय कुमार भादू ने बताया कि पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने तहसील के गांव नुहंद में लगे मोबाइल टावर से ही नहीं बल्कि जयपुर-दिल्ली, अजमेर, सीकर व उदयपुर-सिरोही राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगे कई मोबाइल टावरों से भी महंगी मशीनें चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से लाखों रुपये मूल्य की एयरटेल कंपनी की मशीन बरामद की है। थानाधिकारी भादू ने बताया कि दोनों अभियुक्त पेशेवर चोर हैं, जो लंबे समय से मोबाइल टावरों पर लगी महंगी मशीनों को निशाना बनाते आ रहे थे।

सर्पदंश से महिला की मौत

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ थाना अन्तर्गत गांव लुटाणा पूर्ण में कृषि कार्य करते समय सांप के काटने के एक महिला की रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि महेन्द्र सिंह पुत्र मुन्शीराम जाट निवासी लुटाणा पूर्ण ने राजगढ़ थाने में दी रिपोर्ट में बताया है कि एक नवम्बर को उसकी चाची ओमपति पत्नी स्व. महावीर सिंह को खेत में बुआई करवाने के समय बाजरे के पुले उठा रही थी तथा पुले उठाते समय सांप ने उसे काट लिया।

"मूछें हो तो नत्थूलाल जैसी" पुष्कर मेले में फिर छाया डायलॉग



मुच्छड़ मोहन सिंह ने 86 इंच लम्बी मूछ से धनुष बान चलाया।

विदेशियों के लिये साफा बांध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

देसी और विदेशियों के बीच क्रिकेट मैच रखा गया।

पुष्कर, (निसं)। "मूछ हो तो नत्थू लाल जैसी" का डायलॉग आपने फिल्मों में सुना होगा, लेकिन पुष्कर मेले में कई मुच्छड़ जुटे और अपनी सबसे सुंदर, लंबी मूछ होने का दावा किया। यह मूंछ प्रतियोगिता भले ही राजस्थान और भारतीयों के लिए रखी गई हो, लेकिन सबसे ज्यादा लोकप्रिय यह प्रतियोगिता विदेशियों में देखी गई।

मेले में विदेशी पर्यटकों को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराने के लिए मूंछ प्रतियोगिता आयोजित की गई। खचाखच विदेशियों से भरे इस पवेलियन में हजारों की तादाद में मूंछ प्रतियोगिता के विदेशी गवाह बने। इस प्रतियोगिता में 33 प्रतियोगियों ने भाग लिया, जिसमें नौ राजस्थान के ही रहने वाले और देश के अन्य जगहों से आए लोगों ने भाग लिया। मूंछ प्रतियोगिता के सरताज कौन बनेगा, इसका राज आज शाम को इवेंट में आरटीडीसी की ओर से बताया जाएगा। इस प्रतियोगिता को देखकर विदेशी पर्यटक चकित रह गए और आश्चर्य करने लगे भारत में लोग अपनी मूछों पर कितना ध्यान देते हैं। प्रतियोगिता देखकर आनंदित हुई इंग्लैंड के रहने वाले पर्यटक ने बताया कि उसने इस प्रकार की प्रतियोगिता अपनी जिंदगी में कहीं नहीं देखी। केवल पुष्कर मेले में ही देखी है जिसे देखकर बहुत आनंद आया और यहां तक कि रहने वाली इस महिला ने तो रामसिंह कि मूंछ पकड़कर अपने होठों पर भी लगाकर सेल्फी खिंचवाई। प्रतियोगिता में अपनी मूछों को लेकर मूंछ रखने वाले अलग-अलग प्रतियोगियों ने बताया एक छोटे बच्चों की तरह पालते हैं और मूछ और दाढ़ी का एक भी बाल गिरने नहीं देते। मूछों के लालन-पालन के लिए कई प्रकार के तेल व अन्य वस्तुओं का उपयोग में लेकर उन्हें तरोताजा बनाए रखते हैं। आरटीसी के अधिकारी प्रद्युमन सिंह ने बताया कि विजेताओं को पर्यटन विभाग की ओर से नगद राशि एक मोमेंटो पुरस्कार शाम के इवेंट के दौरान दिया जाएगा।

विदेशियों को पसंद आई साफा बांध प्रतियोगिता

राजस्थान टूरिज्म विभाग की ओर से विदेशियों में साफा बांध प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति राजस्थानी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है। प्रथम भारतीय आने वाले को अंत में इनाम भी दिया जाता है। रसिया की ओल्गा और नीदरलैंड का जोड़ा द्वितीय रहे। जबकि प्रथम अर्जेंटीना की कैथरीना और उसका पार्टनर पाब्लो रहे। इस कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की तादाद में देसी और विदेशी पर्यटक मौजूद थे।

देशी ने विदेशियों को क्रिकेट मैच में धूल चटाई

पुष्कर के मेला मैदान में देसी और विदेशियों के बीच "लगान मैच" की तर्ज पर क्रिकेट मैच रखा गया, जिसमें देसी लड़कों ने विदेशी मेहमानों को धूल चटा दी। यह मैच इसलिये खेला जाता है जिससे कि ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट पुष्कर मिले की ओर आकर्षित हो और ज्यादा दिन रुककर मेला देख सके। इससे टूरिज्म भी बढ़ता है। पशुपालन विभाग की ओर से यह आयोजन किया जाता है। जिसमें शिक्षा विभाग से जुड़े प्रशिक्षण के अधिकारी व कर्मचारी इस मैच को कराते हैं। विदेशियों ने पहले बैटिंग करते हुए 103 रन बनाए जबकि देसी लड़कों ने 6 ओवर में ही 104 रन बनाकर विजय हासिल कर ली। पशुपालन विभाग के अधिकारी कुलदीप अग्रवाल ने बताया कि मैच की समाप्ति के बाद दोनों टीमों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

'रक्तांचल पर्वत पर्यटन स्थल का स्थान ले लेगा'

रक्तांचल पर्वत पर सीढ़ियों का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित

निवाई, (निसं)। श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में रक्तांचल पर्वत सीढ़ियों का मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा व संत रामकृष्ण वेदांती महाराज द्वारा फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया गया।

लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि आगामी समय में रक्तांचल पर्वत पर्यटन स्थल का स्थान ले लेगा। उन्होंने कहा कि पर्वत पर श्री किलेश्वर महादेव व पंचमुखी हनुमानजी विराजित हो गए हैं। यहां पहुंचने के लिए श्री धर्मार्थ सेवा संस्थान द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीढियों व रेम्पों का निर्माण कार्य पूर्ण करवाया है। इससे श्रद्धालु आसानी से पहाड़ पर पहुंच सकेंगे।

संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि लोकार्पण समारोह को लेकर किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें करीब 25 हजार शहरवासी व अन्य श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। सुबह से ही पहाड़ पर मेले जैसा माहौल दिखाई दिया। भण्डारे में शामिल होने जा रहे लोग हर हर महादेव व हनुमानजी

■ **किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन, करीब 25 हजार शहरवासी व अन्य श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की**

के जयकारे लगाते हुए चढ़ रहे थे। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर 60 से अधिक आयु के बुजुर्ग भी प्रसादी ग्रहण करने व बाबा भोलेनाथ के दर्शनों के लिए सीढियां चढ़ते हुए दिखाई दिए। कार्यक्रम की व्यवस्था देख रहे कार्यकर्ताओं ने बताया कि भण्डारे को लेकर पर्वत पर लिफ्ट द्वारा सामग्री चढ़ाई। समारोह के दौरान निश्चित अवधि में सीढियों का निर्माण कार्य पूर्ण करने वाले ठेकेदार घनश्याम शर्मा, रैलिंग व प्रवेश द्वारों का कार्य व रंग रोगन कार्य पूर्ण करने मिस्त्रियों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा व संत रामकृष्ण वेदांती महाराज सहित कई अतिथियों ने पहाड़ पर विराजमान श्री किलेश्वर महादेव व पंचमुखी हनुमानजी के दर्शन करके प्रसादी ग्रहण की।